गणपति गण के साथ में आओ मेरे दरबार

गणपति गण के साथ में आओ मेरे दरबार,
नमन करूँ तुझे प्रेम से शत-शत बारम्बार,

गं गणपतये नमो नमः सिद्धि विनायक नमो नमः,
अष्ट विनायक नमो नमः करता रहूँ मैं ध्यान,

एक दंत गज वदन मनोहर शोभा तेरी न्यारी ,
सबके संकट को काट है शिव शंकर वर दायी,
लम्बोदर भगवान को आओ मनावें आज,
नमन करूँ तुझे प्रेम से शत - शत बारम्बार,

भादव चौथ की तेरी पूजा करती दुनियां सारी,
सबसे पहले हर पूजन में होती पूजा तुम्हारी,
पहले पूजा होने का है मिला तुझे अधिकार,
नमन करूँ तुझे प्रेम से शत - शत बारम्बार,

पान सुपारी अक्षत चंदन औऱ चढाऊँ हार,
मोदक तेरे मन को भावे ओ गौरी के लाल,
रघुवीर लिखते भक्ति भाव से के विनती स्वीकार,
नमन करूँ तुझे प्रेम से शत - शत बारम्बार,

गणपति गण के साथ में आओ मेरे दरबार
नमन करूँ तुझे प्रेम से शत शत बारम्बार,

लेखक-रघुवीर पाण्डेय
मो0-9555897799

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19635/title/ganpati-gan-ke-sath-me-aao-mere-darbar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |